INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST- III (2023-24)
SUBJECT- HINDI (COURSE-B)
SUBJECT CODE-085

No. of Printed pages No.- 09
SET-II

**CLASS : X** **MAX. MARKS : 80**
**DATE : 29/11/2023** **TIME: 3 HOURS**

सामान्य निर्देश:

इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'।

प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय /वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

अधिकतर लोगों की यही शिकायत होती है कि उन्हें पनपने के लिए सटीक माहौल व संसाधन नहीं मिल पाए, नहीं तो आज वे काफी आगे होते और आज भी ऐसे कई लोग हैं, जो संसाधन और स्थितियों के अनुकूल होने के इंतज़ार में खुद को रोके हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है- इंतज़ार मत कीजिए, समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता। जितने संसाधन आपके पास मौजूद हैं, उन्हीं से शुरुआत कीजिए और आगे सब बेहतर होता जाएगा। जिनके इरादे दृढ़ होते हैं, वे सीमित संसाधनों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। नारायणमूर्ति ने महज दस हज़ार रुपये में अपने छह दोस्तों के साथ इन्फोसिस की शुरुआत की और आज इन्फोसिस आई टी के क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है। करौली टकेक्स, पहले अपने दाएँ हाथ से निशानेबाजी करते थे, मगर उनका वह हाथ एक विस्फोट में चला गया। फिर उन्होंने अपने बाएँ हाथ से शुरुआत की और 1948 व 1952 में ओलंपिक स्वर्ण-पदक अपने नाम किया। लिओनार्दो द विंची, रवींद्रनाथ टैगोर, थॉमस अल्वा एडिसन, टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल, वॉल्ट डिज्नी– ये सब अपनी शुरुआती उम्र में डिस्लेक्सिया से पीड़ित रह चुके हैं, जिसमें पढ़ने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, फिर भी ये सभी अपने-अपने क्षेत्र के शीर्ष पर पहुँचे। अगर ये लोग भी इसी तरह माहौल और संसाधनों की शिकायत और इंतज़ार करते, तो क्या कभी उस मुकाम पर पहुँच पाते, जहाँ वे मौजूद हैं ? अगर हमने अपना लक्ष्य तय कर लिया है, तो हमें उस तक पहुँचने की शुरुआत अपने सीमित संसाधनों से ही कर देनी चाहिए। किसी इंतज़ार में नहीं रहना चाहिए। ऐसे में इंतज़ार करना यह दर्शाता है कि हम अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं। इसलिए हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा। इंतज़ार करेंगे, तो करते रह जाएँगे।

(i) 'ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है'– यह अंश किस विकल्प की ओर संकेत करता है ?

(क) प्रतिकूल स्थितियों को अनुकूल बनाते लोग
(ख) अनुकूल परिस्थितियों में बढ़े लोग
(ग) दृढ़ इरादों वाले लोग
(घ) अनुकूल परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे लोग

(ii) नारायण मूर्ति, ग्राहम बेल आदि के उदाहरण क्यों दिए गए हैं ?

(क) अनुकूल परिस्थिति में सफलता पाने के कारण
(ख) परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं होने पर भी सफलता पाने के कारण
(ग) असीमित संसाधनों का उपयोग कर परिश्रमी होने के कारण
(घ) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होने का कारण

(iii) अधिकतर लोग आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते, तो वे लोग क्या शिकायत करते हैं ?

(क) उपयुक्त वातावरण व संसाधन नहीं मिलने की

(ख) प्रतिकूल वातावरण व संसाधन न मिलने की

(ग) समय और पर्याप्त धन न मिलने की

(घ) उपर्युक्त सभी

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन (A) – हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर इंतज़ार करना होगा।

कारण (R) – तभी अपर्याप्त साधन जुटा सकेंगे।

(क) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) 'समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता' यहाँ 'एकदम' का अर्थ है –

(क) सतत  (ग) हरदम

(ख) तुरंत  (घ) एकैक

प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

मित्रता को निभाना भी मुश्किल कार्य है। इसे ईर्ष्या, द्वेष, अपमान, तिरस्कार, उपहास, मानसिक व हार्दिक संकीर्णता तथा संदेह से बचाना जरूरी है। दोस्ती की सौंधी-सी सुगंध से जीवन सराबोर रखना है, तो कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा। मित्र ऐसा हो जो सही मार्गदर्शन कर सके, आपके लिए सही अर्थों में हमदर्द बन सके जो आपको नेक सलाह दे और आपके दुख-दर्द में सम्मिलित हो सके। जो आपको निराशा और हताशा का शिकार ना बनने दे, बल्कि आशावादी और ऊर्जावान बनाने में सहायता करे। सच्चाई, ईमानदारी, परस्पर साझेदारी, प्रेम, विश्वास, निस्वार्थ-भावना एक-दूसरे के लिए हर पल सर्वस्व त्याग की भावना मित्रता को सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुँचा देते हैं अतः इनको ध्यान में रखें। मित्रता में धन को कभी ना आने दें क्योंकि वक्त आने पर सभी संबंधों को तोड़ने में यह अहम भूमिका अदा करता है। दोस्ती में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए, दोस्ती जहाँ तक संभव हो अपनी बराबरी वालों से ही करनी चाहिए अन्यथा कभी-कभी बातों में किसी प्रकार का अहम मित्रता को शत्रुता में बदल सकता है। सच्ची मित्रता में एहसान और मेहरबानी का कोई स्थान नहीं होता, सिर्फ मित्रता होती है। ऐसी-वैसी कोई बात घटित हो जाए तो उसका ज़िक्र तीसरे के सामने नहीं करें, संदेह व अविश्वास को कभी पनपने ही न दें। मित्रता कितनी भी अटूट और घनिष्ठ क्यों न हो, कभी भी मित्र को किसी गलत कार्य के लिए प्रेरित या उत्साहित न करें। यदि किसी परिस्थितिवश या अन्य कारण विशेष से वह कोई अनैतिक या गलत राह पर जा रहा हो तो तत्काल मार्ग प्रशस्त करें और नेक सलाह देकर उचित मार्गदर्शन करें।

(i) मित्रता निभाना है –

(क) अति सरल कार्य

(ख) मुश्किल कार्य

(ग) साधारण कार्य

(घ) मित्र को परखना

(ii) गद्यांश के आधार पर बताइए कि ईर्ष्या, द्वेष, अपमान, तिरस्कार, उपहास, आदि से किसे बचाना आवश्यक है ?

(क) संदेह को  (ग) चित्त को

(ख) मानवता को  (घ) मित्रता को

(iii) सच्चा मित्र कौन है ?

(क) जो अपने मित्र को सरल कार्य करने की प्रेरणा दे।

(ख) जो आशावादी और ऊर्जावान बनाने में सहायक हो।

(ग) विकल्प 'क' और 'ख' दोनों सही हैं।

(घ) जो स्वार्थवश त्याग का भाव रखे।

(iv) मित्रता को सफल बनाने वाले गुण कौन-से हैं ?

(क) अनैतिक राह बताना

(ख) प्रतिस्पर्धा की भावना

(ग) संदेह की भावना

(घ) सच्चाई, ईमानदारी, त्याग की भावना

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – जहाँ तक संभव हो मित्रता धनवानों से ही करनी चाहिए।

कारण (R) – नहीं तो अहंकार मित्रता को दृढ़ कर सकता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) बिजली-सी फुरती दिखाकर आपने बालक को गिरने से बचा लिया। वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध

(घ) क्रिया पदबंध

(ii) वह बाजार की ओर आया होगा। वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(क) क्रिया पदबंध
(ख) संज्ञा पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(iii) 'सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए। वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध है :

(क) सुलेमान उनकी
(ख) थोड़ी दूर पर
(ग) रुक गए
(घ) सुलेमान उनकी बातें

(iv) हवाई किले बनाने वाले युवको ! होश में आ जाओ। वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(क) सर्वनाम पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध
(घ) संज्ञा पदबंध

(v) 'फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

प्रश्न-4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) मधु ने समझाया और अशोक समझ गया। इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है ?

(क) मधु ने समझाया तो अशोक समझ गया।

(ख) मधु के समझाने पर अशोक समझ गया।

(ग) जब मधु ने समझाया तो अशोक समझ गया।

(घ) अशोक मधु को समझाने पर समझ गया।

(ii) बाहर खड़े बालक को बुलाओ। इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है ?

(क) बाहर से बालक को बुलाओ।

(ख) बाहर वाले बालक को बुलाकर लाओ।

(ग) बाहर बालक खड़ा है और उस बालक को बुलाओ।

(घ) जो बालक बाहर खड़ा है, उसे बुलाओ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का उदाहरण है –

(क) मेरे जीवन में यह पहली बार है कि मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ।

(ख) सहसा नारियल के झुरमुटों में से उसे एक आकृति कुछ साफ हुई।

(ग) संसार की रचना कैसे भी हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है।

(घ) बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता था।

(iv) मैंने एक वृद्ध व्यक्ति को देखा। रचना की दृष्टि से वाक्य का यह कौन-सा भेद है ?

(क) सरल वाक्य | (ग) संयुक्त वाक्य

(ख) मिश्र वाक्य | (घ) विधानवाचक वाक्य

(v) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| वाक्य | वाक्य-भेद |
|---|---|
| (1) रमेश गाँव जा रहा है। | (1) सरल वाक्य |
| (2) मोहन गाड़ी में बैठा था और उसके पिताजी गाड़ी चला रहे थे। | (2) संयुक्त वाक्य |
| (3) जो मेहनत करेगा,वही सफलता प्राप्त करेगा। | (3) मिश्र वाक्य |
| (4) आप बीमार थे इसलिए कमजोर हो गए हैं। | (4) सरल वाक्य |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं-

(क) (1), (3) और (4) | (ग) (3) और (4)

(ख) (1), (2) और (3) | (घ) (2) और (4)

प्रश्न-5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) 'भारतरत्न' समस्तपद का विग्रह और भेद क्या होगा ?

(क) भारत का रत्न – तत्पुरुष समास

(ख) भारत और रत्न – द्वंद्व समास

(ग) भारत है जो रत्न – बहुब्रीहि समास

(घ) भारत रत्नों के समान – कर्मधारय समास

(ii) ‘अग्रज-अनुज’ समस्तपद के लिए कौन-सा विकल्प सही होगा ?

(क) अग्रज जो अनुज- तत्पुरुष समास

(ख) अनुज और अग्रज- द्वंद्व समास

(ग) अनुज अग्रज का समाहार- द्विगु समास

(घ) अनुज है जो अग्रज- बहुव्रीहि समास

(iii) ‘नीलगाय’ में कौन-सा समास है ?

(क) अव्ययीभाव समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्वंद्व समास

(घ) कर्मधारय समास

(iv) ‘पंचानन’ में कौन-सा समास है ?

(क) बहुव्रीहि समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्वंद्व समास

(घ) कर्मधारय समास

(v) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| | |
|---|---|
| (1) क्रोधाग्नि | (1) कर्मधारय समास |
| (2) सतसई | (2) अव्ययीभाव समास |
| (3) राजपुत्र | (3) तत्पुरुष समास |
| (4) गुरुदक्षिणा | (4) तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं –

(क) (2), (3)और (4)

(ख) (1), (2) और (4)

(ग) (1), (3) और (4)

(घ) (1), (2) और (3)

प्रश्न-6. निर्देशानुसार ‘मुहावरों’ पर आधारित छह बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) ‘निराशा के बादल छटना’ मुहावरे का सही अर्थ क्या होगा ?

(क) कुछ अच्छा होना

(ख) परेशान होना

(ग) दुखी हो जाना

(घ) उदासी दूर होना

(ii) ‘व्यंग्य करना’ वाक्यांश के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा होगा ?

(क) आड़े हाथों लेना

(ख) सूक्ति बाण चलाना

(ग) दाँतों पसीना आना

(घ) बहुत फजीहत करना

(iii) तुम सारा दिन काम में जुटे रहते हो,कभी आराम भी कर लिया करो। रेखांकित वाक्यांश के लिए कौन-सा विकल्प उपयुक्त होगा ?

(क) कोल्हू का बैल

(ख) पत्थर की लकीर

(ग) हक्का-बक्का

(घ) कड़वे घूँट

(iv) जब सबके सामने राजू का झूठ पकड़ा गया तो उसके लिए .................... वाली बात हो गई। रिक्त स्थान के के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) अत्यन्त लज्जित होना

(ख) चुल्लू भर सागर में डूब मरना

(ग) चुल्लू भर पानी में डूब मरना

(घ) आग बबूला हो जाना

(v) राघव तो जुआरियों के पास केवल खड़ा हुआ था, पुलिस उसे भी पकड़कर ले गई। इसे ही कहते हैं- …………।

उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-

(क) अंधों में काना राजा

(ख) गेहूँ के साथ घुन पिसना

(ग) अपने पैर पर कुल्हाड़ी मरना

(घ) पैरों पर खड़ा होना

(vi) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए –

(क) घुड़कियाँ खाना – साहस प्राप्त होना

(ख) तलवार खींचना – सब कुछ नष्ट करना

(ग) पन्ने रंगना – व्यर्थ में लिखना

(घ) आग-बबूला होना – अपने वश में रहना

प्रश्न-7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए - (1x5=5)

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) सैनिकों के लिए महत्त्वपूर्ण जश्न क्या है ?

(क) युद्ध के लिए तैयारी करना

(ख) देश के लिए प्राण देना

(ग) नौकरी में तरक्की होना

(घ) पारिवारिक जश्न में शामिल होना

(ii) ‘राह क़ुर्बानियों की न वीरान हो’ से क्या आशय है ?

(क) देश पर न्योछावर होने वालों की कमी न हो।

(ख) परिवार पर न्योछावर होने वालों की कमी न हो।

(ग) रास्ते पर न्योछावर होने वालों की कमी न हो।

(घ) शांति-पथ पर न्योछावर होने वालों की कमी न हो।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – साथियो अपने सर से कफ़न बाँध लो।

कारण (R) – वीरान राह पर आगे बढ़ना है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

1 सैनिक शत्रु का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

2 अपने सिर पर कफन बाँधकर दुश्मन का सामना करना चाहिए।

3 एक सैनिक अपने देशवासियों से कुछ उपेक्षाएँ भी रखता है।

4 सैनिक को फ़तह का जश्न तभी मनाना चाहिए जब वह परिवार के साथ हो।

5 देशसेवा के लिए सभी देशवासियों को तैयार रहना चाहिए।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

(क) 2, 3 और 4 (ग) 1, 2 और 5

(ख) 1, 3 और 5 (घ) 2, 4 और 5

(v) 'साथियो' संबोधन किसके लिए किया गया है ?

(क) देशवासियों के लिए (ग) शत्रुओं के लिए

(ख) नेताओं के लिए (घ) बच्चों के लिए

प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) सैलानी कंपनी बाग में कब आते हैं ?

(क) सुबह-दोपहर (ग) दिन-रात

(ख) सुबह-शाम (घ) केवल शाम को

(ii) 'मनुष्यता' कविता में आपसी एकता को बढ़ावा दिया गया है। 'एकता' से क्या लाभ है ?

(क) सब एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। (ग) वैमनस्य की भावना का नाश होता है।

(ख) सब मिलजुल कर कार्य करते हैं। (घ) उपरोक्त सभी विकल्प सही हैं।

प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए - (1x5=5)

कर्नल – किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफ़ा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता(कोलकाता) तलब किया। वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कोलकाता में क्यों तलब करता है। वकील ने शिकायत की परवाह नहीं की उल्टा उसे बुरा-भला सुना दिया। वजीर अली के दिल में यूँ भी अंग्रेज़ों के खिलाफ़ नफरत कूट-कूट कर भरी है। उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया और अपने जानिसारों समेत आज़मगढ़ की तरफ भाग गया। आज़मगढ़ के हुक्मरां ने उन लोगों को अपनी हिफाजत में घागरा तक पहुँचा दिया।

(i) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील से क्या शिकायत की ?

(क) उसे कलकत्ता क्यों बुलाया जा रहा है ? (ग) वकील बुरा-भला क्यों सुना रहा है ?

(ख) उसे कंपनी पसंद नहीं है। (घ) प्रतिमाह वजीफ़ा नहीं मिल रहा।

(ii) उपर्युक्त घटना कौन, किसे सुना रहा है ?

(क) लेफ्टिनेंट, कर्नल को (ग) कर्नल, सवार को

(ख) कर्नल, लेफ्टिनेंट को (घ) कर्नल, लेफ्टिनेंट और सिपाही को

(iii) 'उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया।' यहाँ 'उसको' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(क) सआदत अली के लिए (ग) वज़ीर अली के लिए

(ख) कर्नल के लिए (घ) साहस के कारण

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – वज़ीर अली अपने जानिसारों समेत आज़मगढ़ की तरफ भाग गया।

कारण (R) – वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल किया था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) वज़ीर अली को किसने अपनी हिफाजत में घागरा तक पहुँचा दिया ?

(क) आज़मगढ़ जानिसारों ने
(ग) आज़मगढ़ के शासकों ने
(ख) आज़मगढ़ के वकील ने
(घ) आज़मगढ़ के लोगों ने

प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) 'टी-सेरेमनी' को जापानी में क्या कहते हैं ?

(क) चा-नो-यू
(ग) चा-नू-यू
(ख) चा-नो-यो
(घ) चा-नू-यो

(ii) लाभ-हानि का हिसाब लगाकर ही कदम उठाते हैं –

(क) समाज को उन्नत करने वाले लोग
(ग) आदर्शवादी लोग
(ख) सबका साथ देने वाले लोग
(घ) व्यवहारवादी लोग

**खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)**

प्रश्न-11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) जापान में चाजीन ने कौन-सी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से पूरी कीं और जहाँ चाय पिलाई जाती है उस स्थान की क्या विशेषता है ?

(ii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर सुभाष बाबू के जुलूस का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(iii) 'तताँरा वामीरो' पाठ के आधार पर तताँरा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने किन-किन मानवीय गुणों का वर्णन किया है ? हमारे जीवन में इन गुणों का क्या योगदान है, लिखिए।

(ii) 'तोप' कविता में किन दो प्रतीकों का वर्णन किया गया है ? आप इन प्रतीकों के बारे में क्या जानते हैं कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न-13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) मास्टर प्रीतम चंद छात्रों को उनकी गलतियों पर सजा देते थे। गलतियों पर सजा देना गलत है अथवा सही ? कारण बताते हुए अपने विचार लिखिए।

(ii) टोपी नवीं कक्षा में दो बार फेल हो गया। एक ही कक्षा में दो बार बैठने से टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा होगा। उसकी भावनात्मक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में आपके विचार से क्या परिवर्तन होने चाहिए ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(iii) लेखक हरिहर काका की जिंदगी से बहुत गहरे से जुड़े हैं। कैसे ? क्या आप किसी बुज़ुर्ग व्यक्ति की जिंदगी से जुड़े हैं ? अपना अनुभव बताइए।

प्रश्न-14.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– (5)

(क) पहला सुख : निरोगी काया
- आशय
- व्यायाम और स्वास्थ्य
- समाज को लाभ

(ख) संयुक्त परिवार : आज भी आवश्यक
- भूमिका
- युवा-पीढ़ी को रिश्तों का ज्ञान
- मिल-जुल कर रहने की भावना

(ग) आधुनिक जीवन
- आवश्यकताओं में वृद्धि
- अशांति
- क्या करें?

प्रश्न-15.आपके क्षेत्र के पार्क को कूड़ेदान बना दिया गया था। पुलिस की पहल और मदद से पुनः बच्चों के लिए खेल का मैदान बन गया है। अतः आप पुलिस आयुक्त को लगभग 100 शब्दों में धन्यवाद पत्र लिखिए। (5)

अथवा

सड़क को चौड़ा करने के बहाने अधिक पेड़ काटे जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य पर्यावरण विभाग के मंत्री को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर तुरंत कार्यवाही करने के लिए आग्रह कीजिए।

प्रश्न-16.आप नाट्यकला परिषद के अध्यक्ष हैं। स्कूल में अंतर्विद्यालीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। कक्षा नवीं-दसवीं के विद्यार्थियों को संपूर्ण जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए। (4)

अथवा

सागर अपार्टमेंट के अध्यक्ष की ओर से अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को जल की बर्बादी रोकने हेतु लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

प्रश्न-17.स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सरकार की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

अथवा

विद्यालय में होने वाले पुस्तक मेले के प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक सचिव की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न-18. 'बिना विचारे जो करे, सो पाछे पछताए' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। (5)

अथवा

आपके क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति होने के कारण क्षेत्रवासियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्याओं की जानकारी देते हुए विद्युत अधिकारी को लगभग 100 शब्दों मे ई-मेल भेजिए।

---